OK

उदया पब्लिक स्कूल;कक्षा -6 वार्षिक परीक्षा 2021,

हिन्दी प्रश्नपत्र

नोट-सभी प्रश्न अनिवार्य है। लिखावट की स्वच्छता और वर्तनी की शुद्धता का ध्यान रखिए। कुल अंक 80

(खन्ड क अपठित खण्ड)

प्रश्न -1 नीचे लिखे गद्यांश को पढ़कर सम्बन्धित प्रश्नों का उत्तर दीजिए। (5)

समय बहुत मूल्यवान होता है। यह बीत जाए तो लाखों-करोड़ों रुपये खर्च करके भी इसे वापस नहीं लाया जा सकता। इस संसार में जिसने भी समय की कद्र की है, उसने सुख के साथ जीवन गुजारा है और जिसने समय की बर्बादी की, वह खुद ही बर्बाद हो गया है। समय का मूल्य उस खिलाड़ी से पूछिए, जो सेकंड के सौवे हिस्से से पदक चूक गया हो। स्टेशन पर खड़ी रेलगाड़ी एक मिनट के विलंब से छूट जाती है। आजकल तो कई विद्यालयों में देरी से आने पर विद्यालय में प्रवेश भी नहीं करने दिया जाता। छात्रों को तो समय का मूल्य और भी अच्छी तरह समझ लेना चाहिए, क्योंकि इस जीवन की कद्र करके वे अपने जीवन के लक्ष्य को पा सकते हैं।

क) उपरोक्त गद्यांश में कीमती किसे माना गया है?

ख) किसने सुख के साथ जीवन गुजारा?

ग) सेकेंड के सौवें हिस्से से पदक कौन चूक जाता है?

घ) छात्रों को समय की कद्र करने से क्या लाभ होता है?

ड़) मूल्यवान ' और 'सुख ' शब्दों का विलोम लिखिए।

प्रश्न -2 निम्नलिखित काव्याँश को पढ़कर सम्बन्धित प्रश्नों का उत्तर दीजिए। (5)

बात सभी ने यह है मानी।
हवा सुबह की बड़ी सुहानी।
सदा ताज़गी देती है यह।
आलस को हर लेती है यह ॥
यह रोगी न होने देती।
तनिक न सेहत खोने देती।
सुबह सैर पर जाकर देखो।
हवा निराली पाकर देखो।
अगर सैर पर नित जाओगे।
अच्छी सेहत तुम पाओगे।

(क) इस कविता में किसका गुणगान किया गया है

ख) सुबह की हवा के बारे में क्या बताया गया है?

ग) सुबह सैर पर जाने से क्या लाभ मिलेगा?

घ) इस कविता का सबसे उपयुक्त शीर्षक क्या होगा?

ड़) तनिक ' और 'नित' शब्दों का अर्थ लिखिए।

प्रश्न -3 नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (10)

क) प्रकृति का जादू किसे कहा गया है?

ख) गोल चमकीला रोड़ा अपनी क्या कहानी बताता है?

ग) कविता में सबसे छोटे होने की कल्पना क्यों की गयी है?

घ) आश्रम में कालेज के छात्रों से गाँधी जी ने कौन सा काम करवाया और क्यों?

ड़) नगर से बाहर निकलकर दो पग चलने के बाद सीता की क्या दशा हुई?

प्रश्न -4अपने पाठ्यपुस्तक से कंठस्थ की गयी आठ लाइन की कोई कविता लिखिए। (2.5)

प्रश्न -5 मिलान कीजिए - (2.5)

पाठ का नाम	रचयिता
ससार पुस्तक	सुमित्रानन्दन पंत
मैं सबसे छोटी होऊँ	जवाहरलाल नेहरू
जो देखकर भी नहीं देखते	तुलसीदास
वन के मार्ग में	हेलेन केलर

प्रश्न -6 शब्दार्थ लिखिए - (2.5)

मरज, विरुदावली, शिविर, पेचीदा, ड़ग।

प्रश्न -7 नीचे लिखी पंक्तियों का भाव /आशय स्पष्ट करिये- (2.5)

हाथ पकड़ फिर सदा हमारे
साथ नहीं फिरती दिन -रात।

(खन्ड़ ख)

प्रश्न -8 प्रथम प्रेरणार्थक और द्विवितीय प्रेरणार्थक क्रिया के दो-दो उदाहरण लिखिए। (3)

प्रश्न -9 तीनों कालों में अलग -अलग प्रयोग करते हुए दी गई क्रियाओं से वाक्य बनाइये। (3)

क) जाना - वर्तमान काल भूतकाल भविष्यत काल

प्रश्न -10 निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया विशेषण रेखांकित करते हुए, उनके भेद का नाम लिखिए - (3)

क) अब तो जागो प्यारे लाल।

ख) धीरे-धीरे आँखे खोलो।

ग) सो, लो जाओ जी भर के।

प्रश्न -11 समुच्चयबोधक अव्यय क्या कार्य करते हैं? (3)

प्रश्न -12निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए - (3)

जन्म, सार्थक, कटु।

प्रश्न -13 नीचे लिखे शब्दों में प्रत्यय लगाकर दो-दो नये शब्द बनाइये - (3)

मनुष्य , लिख, शिक्षा।

प्रश्न -14 संधि कीजिये - (3)

परम +औषध, लघु +उत्तर , सदा + एव ।

प्रश्न -15 रचना के आधार पर वाक्य के भेद बताइये। (3)

प्रश्न -16 दिये गये मुहावरों का अर्थ लिखिए और उनका वाक्य में प्रयोग भी कीजिए - (3)

दाँत खट्टे करना , नानी याद आना, हथियार ड़ाल देना।

प्रश्न -17 अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए - (3)

क) जो सभी को प्रिय हो, ख) प्रतिदिन होने वाला , ग) जो पढ़ा लिखा हो ,

(खन्ड़ -ग)

प्रश्न -18 किसी एक विषय पर 150 शब्दों का निबंध लिखिए - (8)

1- रंगो का पर्व : होली। 'अथवा' 2- मेरा प्रिय खेल ।

प्रश्न -19 पत्र लिखिए- (4)

दूरदर्शन पर अपने मित्र का किसी नाटक में अभिनय देखकर उसे बधाई देते हुए पत्र लिखिए।

' अथवा'

किसी पत्रिका के सम्पादक को अपनी रचना प्रकाशित करवाने के लिए पत्र लिखिए ।

प्रश्न -20- टेलीविजन देखते समय पिता और पुत्री के बीच संवाद लिखिए। (4)

प्रश्न -21 राष्ट्र-गान लिखिए। (4)